बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना– 800001

आवश्यक सूचना

स्वास्थ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत बिहार स्वास्थ्य सेवा के अधीन बेसिक ग्रेड दन्त चिकित्सक के पदों पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित वि॰सं॰– 05/2015 के अंतर्गत अर्हित उम्मीदवारों की सूची अनर्हित उम्मीदवारों की सूची (कारण सहित), साक्षात्कार के लिए अर्हित उम्मीदवारों की सूची एवं आरक्षणवार/कोटिवार कट–ऑफ–मार्क्स का प्रकाशन आयोग के वेबसाईट पर कर दी गई है। अनर्हित उम्मीदवार अपनी अर्हता के सम्बन्ध में आपत्ति सभी सम्बन्धित प्रमाण पत्र सहित **(बी॰डी॰एस॰** के सभी उत्तीर्ण/अनुत्तीर्ण अंक पत्र, एम॰डी॰एस॰ प्रमाण पत्र, बी॰डी॰एस॰ Attempt Certificate, कार्यानुभव प्रमाण पत्र एवं अर्हित होने का साक्ष्य सहित) अपना अभ्यावेदन एवं वैसे अभ्यर्थी, जो उक्त कट–ऑफ अंक (विज्ञापन की कंडिका– 5 (i), (ii), (iii), टिप्पणी एवं 5(ख) के अनुसार योग) के समान अथवा उससे अधिक अधिभार अंक प्राप्त होने का दावा रखते हों. लेकिन उन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थी अधिभार अंकों की गणना तालिका सहित दिनांक 15.12.2017 तक E-mail - (bpscpat-bih@nic.in) **अथवा** निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से बिहार लोक सेवा आयोग, 15 जवाहर लाल नेहरू मार्ग, पटना को भेज सकते हैं। आपत्ति अभ्यावेदन के साथ पूर्व में समर्पित अंक पत्र एवं शैक्षिक प्रमाण पत्र के अतिरिक्त कोई अन्य प्रमाण पत्र अनुमान्य नहीं होंगे। उक्त तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार कार्यक्रम (प्रथम चरण) अनुक्रमांकवार, निदेश एवं कट–ऑफ मार्क्स एवं साक्षात्कार कार्यक्रम से सम्बन्धित सूचना आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है। शेष उम्मीदवारों का अनुक्रमांकवार साक्षात्कार कार्यक्रम (द्वितीय चरण) बाद में प्रकाशित किया जायेगा।

17/11/17

विशेष सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना